# अलग काउंटर बनाकर राजधानी के सभी बैंकों में बदले जा रहे दो हजार रुपये के नोट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रिजर्व ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देश के आलोक में मंगलवार को पूरे देश के साथ-साथ राजधानी रांची के सभी बैंकों में 2000 के नोट बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो इसको लेकर रांची के सभी बैंकों में खास तैयारी की गयी थी।

पहले दिन राजधानी के सभी बैंकों में लोग 2000 रुपये के नोट बदलने के लिए पहुंचे थे। वहीं भारत के सबसे बड़े बैंक एसबीआई के सभी ब्रांचों में विशेष रूप से 2000 के नोट बदलने के लिए खास तैयारियां की गई थी। एसबीआई के टॉप अधिकारियों ने पूर्व में ही सभी ब्रांचों में तैनात पदाधिकारियों को निर्देश दिया था कि जितने भी ब्रांच हैं, वहां पर ग्राहकों के लिए पानी की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे लगवाने की व्यवस्था करें ताकि ग्राहों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो।

**एसबीआई के 41 ब्रांचों में बदले जा रहे 2000 के नोट :** राजधानी रांची स्थित एसबीआई के 41 ब्रांचों में दो हजार के नोट बदलने की व्यवस्था की गयी थी। इसको लेकर सभी ब्रांच के पदाधिकारियों को यह दिशा निर्देश दिया गया थ कि जो भी ग्राहक 20 हजार तक के नोट बदलने के लिए आ रहे हैं, उन्हें आसानी से नोट बदल कर दे दें। इसके लिए सभी ब्रांच में नोट बदलने के लिए अलग से काउंटर बनाया गया था। जहां पहुंच कर लोग अपने 2000 के नोट बदल रहे थे। काउंटर पर दो से तीन कर्मचारियों की तैनाती की गई थी, ताकि यदि भीड़ बढ़ जाए तो आसानी से लोगों को नोट बदल कर दिया जा सके।



**कोकर और लालपुर एसबीआई में दिखी अधिक भीड़ :** हालांकि राजधानी के कोकर एसबीआई ब्रांच और लालपुर एसबीआई ब्रांच में नोट बदलने के लिए ग्राहकों की भीड़ दिखी। बैंक प्रबंधन की ओर से काउंटर पर कर्मियों की विशेष तैनाती की गई थी, ताकि भीड़ बढ़े तो उन्हें नियंत्रित किया जा सके। इसको लेकर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के जितने भी सुरक्षाकर्मी है उन्हें भी विशेष दिशा निर्देश दिए गए थे, ताकि भीड़ बढ़ने की स्थिति में कोई अप्रत्याशित घटना नहीं घट सके।

**आरबीआइ गाइडलाइन के तहत हो रही थी नोटों की बदली :** कचहरी चौक स्थित एसबीआई मेन ब्रांच में नोट बदलने आए लोगों का कहना था कि नोट बदलने में कोई परेशान नही हो रही है। नोट बदलने का पहला दिन होने के कारण सभी बैंकों में भीड़ नहीं के बराबर थी। लोगों का कहना था कि सभी बैंकों में बिना किसी पहचान पत्र और बिना फॉर्म भरे ही नोट बदले जा रहे हैं। वहीं कुछ बैंकों में नोट बदलने के लिए फॉर्म भी भरवाए जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि नोट बदलने के लिए आरबीआई का गाइडलाइन पालन करने के लिए पदाधिकारियों को पहले ही सारी जानकारी दे दी गई है।

### पहले दिन बैंकों में दिखी कम भीड़

**पहले** दिन बैंकों में 2000 रुपये के नोट बदलने के लिए कम भीड़ दिखी। भीड़ कम होने के सवाल पर बैंक अधिकारियों का कहना था कि मंगलवार को पहला दिन होने के कारण भीड़ कम है, लेकिन आने वाले दिनों में भीड़ बढ़ सकती है। इसको लेकर बैंक की तरफ से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। वहीं आम लोगों से भी अपील की गई है कि बैंक के नियमों के अनुसार ही नोट बदलने पहुंचे। बिना मतलब के बैंक में भीड़ ना लगाएं। जिन्हें नोट बदलना हो वही नोट बदलने के लिए बैंक पहुंचे। अपने साथ अनावश्यक लोगों को लेकर नहीं आएं। इससे जरूरतमंद ग्राहकों को दिक्कत हो सकती है।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा

# अंतिम व्यक्ति तक कार्यकर्ता बनकर जायें

**30 मई से 30 जून 2023 तक चलेगा जनसंपर्क अभियान**




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं को जनसंपर्क अभियान के माध्यम से हर घर तक पहुंचाना है ताकि देश की जनता न सिर्फ केंद्र में, बल्कि राज्य में भी हर बार भाजपा सरकार बनाये। इसके लिए जरूरी है कि भाजपा के नेता कार्यकर्ता के रुप में आम जन तक अपनी पहुंच बनायें और जन संपर्क करें। दीपक प्रकाश मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जन संपर्क अभियान की तैयारी बैठक में प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

दीपक प्रकाश ने कहा कि 30 मई 2023 से लेकर 30 जून 2023 तक चलने वाले जनसम्पर्क अभियान में भाजपा के कार्यकर्ता बढ़ चढ़ कर हिस्सा लें और समाज के अंतिम व्यक्ति तक जा कर प्रधानमंत्री और केन्द्र सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे। उन्होंने कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में वर्तमान की हेमंत सरकार की विदाई तय है क्योंकि जनता अब समझ गयी है कि हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ वादों वाली सरकार है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि हम कार्यकर्ता विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के कार्यकर्ता है, ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम सभी जनता के उम्मीदों पर खरा उतरें एवं उन्हे उनका हक और अधिकार दिलवायें।

**केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता :** बैठक में पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा के सभी कार्यकर्ता जन सम्पर्क अभियान के तहत घर-घर जायें और केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ उसका लाभ भी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम करें। साथ ही कार्यकर्ता जनता को आगामी वर्ष की योजनाओं की जानकारी भी दें।

अमर बाउरी कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के 9 वर्ष पूरे हो रहे हैं। सरकार ने राष्ट्र हित में कई सारे महत्वपूर्ण फैसले लिए है। झारखण्ड प्रदेश में भी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकर्ता जनता तक पहुंचेंगे और हर घर जाएंगे और केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी देंगे। ताकि 2024 में एक बार फिर से देश में भारतीय जनता पार्टी वाली सरकार को लाया जा सके।

बैठक में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नीरज पासवान, राष्ट्रीय विशेष आमंत्रित सदस्य सीता राम रवि, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात भुईंया, सीमा पासवान, ध्रुव कुमार हरि, विमल बैठा, प्रदेश महामंत्री रंजय भारती, रंजन पासवान, प्रदेश मंत्री कमलेश राम, खुदा राम, विशाल वाल्मीकि, प्रदेश कार्यालय मंत्री जोगेन्द्र लाल, प्रदेश के आईटी एवं सोशल मीडिया प्रभारी राजीव राज लाल एवं सभी प्रमंडलीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शामिल थे।

## सरकारी स्कूलों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा कतिपय कारणों से नहीं मिल रही : डॉ उरांव

**रांची।** झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा व्यवस्था ही कुछ ऐसी है कि सरकारी स्कूलों में क्वालिटी शिक्षा कतिपय कारणों से नहीं हो रही है। गरीब से गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में भेजते है। ये बातें डॉ उरांव ने मंगलवार को पासवा के प्रदेश कार्यालय के उद्धघाटन के मौके पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 80 उत्क्रमित विद्यालय खोलकर एक अच्छी शुरुआत की है, लेकिन अभी भी और बहुत कुछ करने की जरूरत है। उन्होंने पासवा की तारीफ करते हुए कहा कि निजी विद्यालयों की परेशानियों को दूर करने की दिशा में पासवा अच्छा काम कर रही है। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने कहा कि झारखंड में शिक्षा का प्रचार प्रसार करने एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना पासवा का मुख्य उद्देश है और इसी के तहत पूरे राज्य में शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए आज कार्यालय का उद्घाटन किया जा रहा है।

## खबर एक नजर में

### गुरुजी समेत मुख्यमंत्री सपरिवार शादी समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे धातकीडीह

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को धातकीडीह, चांडिल, सरायकेला–खरसावां में लखी चरण किस्कु के सुपुत्र धरम किस्कु के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने नव दंपती को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन , विधायक सीता सोरेन , विधायक बसंत सोरेन, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन एवं अन्य परिजनों ने भी नव दंपति को आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के धातकीडीह, चांडिल, सरायकेला– खरसावां आगमन पर जिला प्रशासन के द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया।

### राज्यपाल से मिले राधाकृष्ण किशोर

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज भवन में भेंट किया। इस दौरान उन्होंने विगत दिनों पलामू जिला के हुसैनाबाद थाना अंतर्गत एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म तथा पाटन थाना की एक जनजाति लड़की का बाल मुड़वाकर घुमाए जाने के संदर्भ में अवगत कराते हुए पीड़िता को सहायता राशि उपलब्ध कराने हेतु पहल करने संबंधी ज्ञापन समर्पित किया।

### विद्यापति स्मारक समिति का प्रतिनिधिमंडल मिला डीआरएम से

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधिमंडल डीआरएम, हटिया रेलवे डिवीजन से मुलाकात करके रेल मंत्री, भारत सरकार के नाम एक मांग पत्र दिया। इस पत्र में समिति ने रेल मंत्री से राउरकेला भाया रांची जयनगर एक्सप्रेस ट्रेन को प्रतिदिन चलाने एवं उक्त ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग की है।

### रांची-पटना जनशताब्दी में लगा अतिरिक्त कोच

**रांची।** गर्मी की छुट्टियों को ध्यान में रखते हुए रेल मंत्रालय की ओर से ट्रेनों में अतिरिक्त सुविधाएं दी जा रही है। इसी कड़ी में ट्रेन संख्या 12365 और 12366 पटना–रांची–पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त कोच लगाया गया है। कोच द्वितीय श्रेणी चेयरकार है। जिसे स्थायी रूप से लगाया जा रहा है। मंगलवार को इस ट्रेन में एक अतिरिक्त कोच लगाया गया। इस कोच के लगने के बाद इस ट्रेन में कुल 22 कोच हो जाएंगे। इस संबध में रांची रेल मंडल की ओर से सूचना जारी कर दी गयी है। वहीं, धनबाद रेल मंडल में चल रहे विकास कार्यों के कारण ट्रेन संख्या 18626 हटिया पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस की यात्रा 23 मई, 01, 10 और 15 जून को हटिया स्टेशन से अपने निर्धारित प्रस्थान समय से तीन घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।

### जर्नलिस्ट यूनियन का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

**रांची।** झारखंड स्टेट जर्नलिस्ट यूनियन का उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल यूनियन के राज्याध्यक्ष बलदेव प्रसाद शर्मा की अगुवाई में मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से राजभवन में मिला। पत्रकारों और पत्रकारिता के हितों की रक्षा को लेकर उनसे विस्तृत चर्चा की गई। तीन सूत्री मांग पत्र राज्यपाल को समर्पित किया गया। पत्रकारों के हितों के मद्देनजर मांगो पर राज्यपाल ने विमर्श कर कानूनी सलाह– विचार करने और सरकार को अवगत करा कर उन्हें समुचित लाभ दिलवाने का भरोसा दिया।

### श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ हुआ

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 51वां श्री सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली बजरंगबली की दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा, चना, गुड़, फल का प्रसाद अर्पित किया। उपमंत्री अनिल नारनौली ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ व पाठ वाचकओं का चंदन वंदन करके आशीर्वाद प्राप्त किया।

### अमन को फिर से रिमांड पर लेगी एटीएस

**रांची।** कुख्यात गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव को एटीएस टीम ने अपने कब्जे में लेकर पूछताछ प्रारंभ कर दी है। यह पूछताछ 24 मई को समाप्त हो रही है। रिमांड अवधि खत्म होने से पूर्व बुधवार को अदालत में आरोपी को पेश किया जाएगा। एटीएस ने उसे 19 मई से पूछताछ कर रही है। एटीएस को आरोपी से आगे पूछताछ जारी रखने के लिए पुनः आवेदन देकर पुलिस रिमांड की मांग करेगी। ताकि पूछताछ बरकरार रखी जा सके।

### चान्हो के तत्कालीन बीडीओ की डिस्चार्ज अर्जी खारिज

**रांची।** एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने मंगलवार को मनरेगा में भुगतान के बदले रिश्वत मांगने के आरोपी चान्हो के तत्कालीन बीडीओ प्रवीण कुमार की डिस्चार्ज अर्जी सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। अदालत ने आरोपी की याचिका दूसरी बार खारिज कर दी है। साथ ही मामले में आरोपी के खिलाफ 29 मई को आरोप तय किया जाएगा।

### नाबालिग से दुष्कर्म में सहयोग करनेवाले दोस्त को 20 साल की कैद

**रांची।** पोक्सो मामले की विशेष अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने में दोस्त का सहयोग करने के मामले में दोषी नाबालिग आरोपी को 20 साल कैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10,000 रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त 6 महीने जेल काटनी होगी। मामले के मुख्य अभियुक्त संजय सिंह मुंडा एवं दीपक सिंह मुंडा को अदालत ने मार्च 2020 में 20 साल से उम्र कैद तक की सजा सुना चुकी है। तीसरे आरोपी का उम्र 17 साल होने के कारण उसके ऊपर लगे आरोप की सुनवाई चिल्ड्रेन कोर्ट में चली। घटना को लेकर पीड़िता ने सोनाहातू थाना में 16 मई 2018 को नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## गवर्नर ने किया डॉ आरके शर्मा की दो पुस्तकों का लोकापर्ण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय रांची के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजकुमार शर्मा की दो पुस्तकें विश्व के प्रतिष्ठित प्रकाशक कैंब्रिज प्रकाशन द्वारा प्रकाशित की गई। इन पुस्तकों का लोकार्पण मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। पहली पुस्तक का टाइटल एक्सप्लोरिंग इंग्लिश सिंटेक्स तथा दूसरी पुस्तक कम्युनिकेटिव इंग्लिश की है। कम्युनिकेटिव इंग्लिश पुस्तक में इनके साथ डॉ निधि सिंह सह लेखिका के रूप में हैं। डॉ निधि सिंह गोस्सनर कॉलेज में अंग्रेजी की अध्यापिका हैं। कैंब्रिज प्रकाशन से प्रकाशित होने वाली यह दोनों पुस्तकें अंग्रेजी भाषा विज्ञान से संबंधित है, जहां पहली पुस्तक अंग्रेजी भाषा में वाक्य रचना के गहन विवेचन पर आधारित है।



**झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मंगलवार को विधानसभा सदस्य सीता सोरेन ने राजभवन में भेंट की। यह सीता सोरेन की राज्यपाल से औपचारिक भेंट बतायी गयी है।**

## रिम्स में चिकित्सा सुविधा में सुधार के लिए सीएम की पहल सराहनीय : रानी कुमारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने रिम्स में चिकित्सा सुविधाओं में सुधार के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा की गई पहल की सराहना की है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार द्वारा रिम्स में मरीजों को मुफ्त जांच की सुविधा के लिए 300करोड़ रुपए आवंटित किया जाना जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय है। इससे मरीजों को डायग्नोस्टिक, रेडियोलॉजी जांच,कैंसर स्क्रीनिंग एवं अन्य चिकित्सीय सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निःशुल्क डायग्नोस्टिक एवं रेडियोलॉजी जांच योजना, सर्वाइकल कैंसर-ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग योजना के लिए सहायता अनुदान के रूप में राशि उपलब्ध होने से सीटी स्कैन सहित अन्य पैथोलॉजिकल सुविधाएं नियमित रूप से मरीजों को मिल सकेगी।



रानी कुमारी ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं के अभाव का फायदा उठाकर निजी अस्पताल प्रबंधन मरीजों से मनमानी राशि वसूलते हैं। राज्य सरकार की इस पहल पर निसंदेह निजी अस्पतालों की मनमानी पर कुछ हद तक रोक लग सकेगा। उन्होंने कहा कि राजधानी के रिम्स,सदर अस्पताल के अलावा सभी जिलों, प्रखंडों के अस्पताल तथा पंचायत स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मियों की पर्याप्त संख्या में नियुक्ति की जाए, वहां चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की गंभीरता जरूरी है, ताकि सरकारी अस्पतालों के प्रति आमजन का विश्वास बढ़े।

## गरीबों के उत्थान को हर संभव प्रयास करूंगा : अभिनव प्रकाश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** दूसरे प्रयास में ही संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में 279वां रैंक प्राप्त करने वाले हंटरगंज प्रखंड के ग्राम गोदोबर निवासी मनोज कुमार सिंह के होनहार पुत्र अभिनव प्रकाश ने कहा कि वे किसान के बेटे हैं, वे गरीबों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। कहा कि संवैधानिक दायरे में रह कर हर कार्य करूंगा।

अभिनव ने वर्ष 2022 में जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी दिल्ली से एमए पास किया था। वे नेट क्वालिफाई कर इस समय जेआरएफ कर रहे हैं।

अभिनव प्रकाश ने कहा- शिक्षा के बगैर इस समय कोई भी चीज संभव नहीं है। शिक्षा से ही समाज और देश का कायाकल्प संभव है। उन्होंने बेटियों को बढ़ाने और पढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने बताया कि उन्हें माता-पिता और पूरे घर का सपोर्ट मिलता रहा। उन्होंने कहा- ईमानदारी और लगन से कभी मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। ईमानदारी सबसे बड़ी दौलत है। इस से समझौता नहीं करना चाहिए। एकाग्रता और कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। समय-समय पर स्वंय का आकलन भी करना चाहिए कि तैयारी किस स्तर की हो पायी है। उन्होंने कहा- मेरा कैडर कहां मिलता है यह कहना मुश्किल है, लेकिन मेरी प्राथमिकता में झारखंड है। यहां बहुत कुछ करने की संभावनाएं हैं।



## चाय विक्रेता का पुत्र शुभम बना 10वीं में रामगढ़ जिला टॉपर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

भुरकुंडा (रामगढ़)। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती, पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से है उड़ान होती की पंक्ति को भदानीनगर के शुभम कुमार ने जैक मैट्रिक की परीक्षा में रामगढ जिला टॉपर बनकर चरितार्थ किया है। भदानीनगर ओपी क्षेत्र निवासी जितेंद्र कुमार और माता मिनका देवी का पुत्र व कैथोलिक आश्रम स्कूल भुरकुंडा के छात्र शुभम कुमार ने मैट्रिक की परीक्षा मे 96.6 प्रतिशत अंक लाकर रामगढ जिला टॉपर बनने का गौरव पाया है। जिला टॉपर शुभम आइएएस बनकर अपने माता पिता, स्कूल और क्षेत्र का नाम रौशन करना चाहता है। शुभम के पिता जितेंद्र कुमार भदानीनगर स्थित भुरकुंडा रेलवे स्टेशन फोरलेन के किनारे फुटपाथ पर चाय बेचने का काम करते हैं।

## पंकज मिश्रा की अंतरिम जमानत पर आदेश सुरक्षित

**रांची।** अवैध खनन से प्राप्त 1000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा की ओर से दाखिल अंतरिम जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया। अदालत अपना फैसला 27 मई को सुनाएगी। अर्जी पर सुनवाई के दौरान ईडी के वकील अतीश कुमार ने विरोध किया। कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देने से इनकार किया है। अगर इनको अंतरिम जमानत दी जाती है तो मामले के गवाहों को नुकसान पहुंच सकते हैं। मामले में गवाही जारी है। वहीं याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि तबीयत ठीक नहीं है। बेहतर इलाज के लिए अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया।

# लीडरशिप डेवलपमेंट में मिशन की तरह लग जायें : राजेश ठाकुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग एवं अग्राणी मोर्चा संगठन के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में मंगलवार को कांग्रेस भवन, रांची में लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक विभाग एवं अग्रणी मोर्चा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं विभाग के प्रदेश चेयरमैन की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता डॉ एम तौसीफ मौजूद रहे।




बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन बहुत ही अच्छी पहल है। इससे एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के बीच से युवा एवं वैसे लोग जो समाज में सेवा कर रहे हैं, उनको कांग्रेस पार्टी की विचार-धारा से जुड़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी में जुड़ने के बाद लीडरशिप निखर कर आयेंगी जो अपने समाज से लेकर लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में नेतृत्व कर सकते हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने बैठक में निर्देश दिया कि सभी लोग लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन में मिशन की तरह लग जाएं ताकि एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के बीच के युवा लीडर बन सकें।

राजेश ठाकुर ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के निर्देश पर लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन (एलडीएम) का आरंभ खूंटी एवं लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से होने जा रहा है। इन दोनों लोकसभा क्षेत्र में कुल 11 विधानसभा सीट है। लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन का उद्देश्य यह है कि एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के बीच से लीडर निकालना और उसे प्रशिक्षित करके निखारना है। उन्होंने सभी प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश चेयरमैन से अपील किया है कि वो अपने जिले में एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्ति से संपर्क करें और कांग्रेस पार्टी के विचार-धारा से प्रभावित करने का प्रयास करें। साथ इन समुदायों के युवाओं के बीच जाकर अपने विचार-धारा से प्रभावित कर उनके बीच से हीं लीडर बनाने का काम करें।

बैठक में प्रदेश महासचिव सह एलडीएम कोर्डिनेटर खूंटी परविन्द्र सिंह, ओबीसी प्रदेश चेयरमैन अभिलाष साहू, एससी प्रदेश चेयरमैन केदार पासवान, सेवादल प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जोसाई मार्डी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत सिंह, फिरोज खान, अमिर हासमी, वशिष्ट लाल पासवान, परवेज आलम, एसएस रिज्वी उपस्थित थे।

# मैट्रिक में लड़कियां तो इंटर साइंस में लड़कों का जलवा

## मैट्रिक में लड़कों से ज्यादा पास हुईं लड़कियां, हर श्रेणी में बेटियों का प्रदर्शन बेहतर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड बोर्ड के 10वीं में इस साल लड़कियों ने अपना परचम लहराया है। लड़कियों ने 95.54 प्रतिशत लाकर लड़कों को पछाड़ दिया है। इस बार हर वर्ग में बेटियों ने बाजी मारी है। सामान्य से लेकर एससी, एसटी, पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग सभी श्रेणियों में लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ दिया है। कुल 4,07,559 स्टूडेंट्स पास हुए हैं, जिसमें 1,93,569 लड़के और 2,13,990 लड़कियां हैं।

**एससी, एसटी श्रेणी में बेटियों का प्रदर्शन बेहतर** : सामान्य वर्ग में कुल 2,64,732 स्टूडेंट्स को पास घोषित किया गया है, जिसमें 1,27,909 लड़के और 1,36,823 लड़कियां हैं। इसी तरह अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी के पास हुए कुल 16,850 स्टूडेंट्स में से 8,146 लड़के और 8,704 लड़कियां हैं। अनुसूचित जनजाति (एसटी) की बात करें, तो इस श्रेणी के 46,599 स्टूडेंट्स पास हुए हैं। इनमें लड़कों की संख्या 20,203 और लड़कियों की संख्या 26,396 है।



### बेटियों ने बेटों को पीछे छोड़ा

पिछड़ा वर्ग की बात हो या अति पिछड़ा वर्ग की, इन श्रेणियों में भी बेटियों ने बेटों को पीछे छोड़ दिया है। पिछड़ा वर्ग के 55,904 स्टूडेंट्स ने मैट्रिक की परीक्षा पास की है। इनमें से 25,962 छात्र हैं और 29,942 छात्राएं। अति पिछड़ा वर्ग यानी मोस्ट बैकवर्ड क्लास के आंकड़ों पर गौर करेंगे, तो पायेंगे कि इस श्रेणी के 23,474 विद्यार्थी पास हुए हैं। इनमें 11,349 लड़के हैं, जबकि पास करने वाली लड़कियों की संख्या 12,125 है।

### 95.83 % आदिवासी बच्चे हुए पास

मैट्रिक की परीक्षा पास करने के मामले में जैक बोर्ड के आदिवासी बच्चों ने सामान्य वर्ग के स्टूडेंट्स को पीछे छोड़ दिया है। इस साल सामान्य वर्ग के 94.77 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए हैं। अनुसूचित जाति के 95.83 फीसदी बच्चे पास हुए हैं, जबकि 95.02 फीसदी आदिवासी बच्चे भी उत्तीर्ण घोषित किये गये हैं। पिछड़ा वर्ग के 97.51 फीसदी और अति पिछड़ा वर्ग के 97.77 फीसदी स्टूडेंट्स ने मैट्रिक की परीक्षा पास कर ली है।

| | |
|---|---|
| 10वीं पास करने वाले विद्यार्थियों की संख्या : 4,07,559 | लड़के पास प्रतिशत: 95.19 प्रतिशत |
| पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या : 4,33,643 | किस श्रेणी में कितने प्रतिशत |
| विद्यार्थियों की संख्या : 4,27,294 | प्रथम श्रेणी: 66.23% |
| लड़कियां पास प्रतिशत : 95.54 प्रतिशत | द्वितीय श्रेणी: 31.05% |
| | तृतीय श्रेणी: 2.72% |

### टॉप 10 की लिस्ट

श्रेया सोनगिरी – 490, सौरभ कुमार पॉल – 489, दीक्षा भारती – 488, दीप मित्रा – 488, मनीष सिंह – 487 अंक, शुभम कुमार – 487, कृतिका कुमारी –486, कुणाल पॉस– 486, प्रभाकर गोंजू– 486, बंटी कुमार– 486, शुभम कुमार रवानी – 458, सोनल कुमारी – 485, मिसा गुप्ता –485, सोनाली कुमारी –485, विशाल कुमार महतो –484, राज कुमार देय – 484, नेहा कुमारी – 484, नीरजा कुमारी –484, मेघा कुमारी –484, आलोक विश्वकर्मा – 484, वर्षा कुमारी – 484, खुशी शाह – 483, शशांक राज –483, सादिया आफरीन –483, जिया श्रीवास्तव – 483, छवि कुमारी – 483, रवि कुमार महतो –483, कनक कुमारी –483, संध्या उरांव – 483, जीत मंडल – 483, शुभम कुमार – 483, आनंद कुमार दास – 483, काजल कुमारी– 483, प्रिंस कुमार साहु – 483, राहुल कच्छप – 482, विशाल हांसदा – 482, दिव्या कुमारी – 482, संध्या गोरांय – 482, नंदनी बास्की – 482, आकाश प्रमाणिक – 482, साहिल गोप – 482, अनुप्रिया कुमारी – 482, मानवी कुमारी – 482, श्रेया साव – 482, बरखा आनंद – 481, ऋषभ कुमार – 481, सोनल केसरी – 481, नरगिस परवीन – 481, श्रुति कुमारी – 481, कृष्णा कुमार – 481, गौरव कुमार – 481, खुशबू कुमारी – 481, हिमांशु शेखर कुमार – 481, गुड़िया रानी – 481, काजल रानी – 481, सोरभ कुमार महतो – 481, रश्मिता पति – 481, पीयूष कुमार – 481, आशीष कुमार महतो – 481, प्रीति कुमारी – 481, खुशी कुमारी – 481, देवेंद्र मंडल – 481, करन कुमार दास – 481

## मैट्रिक-इंटर दोनों परीक्षा में कोडरमा के परीक्षार्थियों ने लहाराया परचम

### छोटानागपुर प्रमंडल में सबसे अधिक 97 .03 फीसदी रिजल्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने आज मैट्रिक और इंटर साइंस का रिजल्ट जारी किया है। मैट्रिक के परिणाम में जहां लड़कियां आगे हैं। वहीं इंटर साइंस के परिणाम में लड़कों ने बाजी मारी है। प्रमंडल के अनुसार बोर्ड के परिणाम देखें तो मैट्रिक रिजल्ट में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सबसे आगे हैं। यहां का रिजल्ट 97.03 फीसदी रहा है। वहीं दक्षिणी छोटानागपुर का रिजल्ट 93.70 फीसदी रहा। पलामू प्रमंडल का 95.30 फीसदी, संताल परगना प्रमंडल का 94.18 फीसदी और कोल्हान प्रमंडल का 94.38 फीसदी रिजल्ट हुआ है। मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं में कोडरमा जिला के परीक्षार्थियों ने शानदान प्रदर्शन किया है। इस जिले में रिजल्ट का प्रतिशत सबसे अधिक है। रांची जिला का मैट्रिक में वहीं रांची जिले परीक्षार्थी 11वं स्थान पर हैं। यहां 95.44 प्रतिशत छात्र पास हुए हैं। वहीं इंटर की परीक्षा में रांची जिले के छात्र 14वं पायदान पर है, जहां 74.52 छात्र पास हुए हैं।

### मैट्रिक में कोडरमा जिला आया अव्वल

मैट्रिक के परिणाम में जिलों की बात करें तो कोडरमा जिला सबसे आगे है। यहां से 99.04 फीसदी बच्चे पास हुए हैं। हजारीबाग से 98.15, गिरिडीह से 97.63, चतरा से 97.46, पूर्वी सिंहभूम 97.31, सरायकेला 96.92, पलामू 96.75, धनबाद 96.19, रामगढ़ 95.46, बोकारो 95.44, रांची से 95.33, पाकुड़ से 94.99, गोड्?डा से 94.98, गढ़वा से 94.84, साहेबगंज से 94.77, जामताड़ा से 94.22, गुमला से 94.20, दुमका से 93.83, देवघर से 92.95, लातेहार से 91.65, खूंटी से 91.54, लोहरदगा से 90.91, सिमडेगा से 89.84 और प?िमी सिंहभूम से 88.50 फीसदी बच्चे पास हुए हैं।

### इंटर में पाकुड़ बना फिसड्डी

बात इंटर साइंस के परिणाम की करें तो पाकुड़ फिसड्डी जिला साबित हुआ है। यहां से महज 48.32 फीसदी बच्चे ही पास हुए हैं। रिजल्ट में टॉप जिले में कोडरमा, हजारीबाग, चतरा, पलामू और गिरिडीह शामिल है। यहां से क्रमशः 97.02, 92.72, 92 और 91.10 फीसदी पास हुए हैं। वहीं सबसे कम रिजल्ट वाले जिले में पाकुड़ के अलावा सिमडेगा, गुमला, खूंटी, जामताड़ा शामिल हैं। यहां से क्रमशः 53.36, 56.47, 58.57 और 64.81 फीसदी बच्चे पास हुए हैं।

## मैट्रिक परीक्षा में शत प्रतिशत पास कर गये निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के बच्चे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल के दसवीं कक्षा के बच्चों का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 128 छात्र-छात्राओं ने दसवीं के परीक्षा दी थी, जिसमें विद्यालय के 8 विद्यार्थियों ने 90% से ऊपर अंक प्राप्त किया। इसमें अंजलि कुमारी विद्यालय की टॉपर रही। विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने बताया कि बच्चों ने उम्मीद के अनुरूप अंकित प्राप्त किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने बताया कि बच्चों का 100% उत्तीर्णता एवं उच्चतम अंक प्राप्त करना हम सभी शिक्षकों तथा अभिभावकों के लिए सर्वोत्तम भेंट है। वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर गोपाल चंद्र दास, आशुतोष कुमार, शिवानी, किरण आदि थे।



## 10वीं की पढ़ाई शुरू होते ही मैट्रिक की तैयारी में लग गई थी : श्रेया सनगिरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड बोर्ड की 10वीं की परीक्षा की स्टेट टॉपर पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया की श्रेया सनगिरी ने दैनिक खबर मन्त्र ने बातचीत की। इस दौरान श्रेया ने अपनी सफलता के राज शेयर किया।

**माता-पिता और शिक्षकों को दिया श्रेय** : श्रेया सनगिरी ने अपनी सफलता का श्रेय सबसे पहले अपने माता पिता को दिया। श्रेया ने इसके पीछे अपनी शिक्षकों के भी मेहनत का भी जिक्र किया। श्रेया ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी अंतिम समय में नहीं की बल्कि 10वीं कक्षा की पढ़ाई शुरू होते ही वह मैट्रिक की तैयारियों में लग गई थीं।

**पिता पढ़ाते हैं ट्यूशन, उनसे मिली है मिली प्रेरणा** : श्रेया कहती हैं कि पिता ट्यूशन पढ़ाते हैं और उनसे मुझे बहुत प्रेरणा मिलती है। मैट्रिक के बाद श्रेया इंटर में साइंस लेकर पढ़ाई करेंगी।

**कैसे की परीक्षा की तैयारी** : श्रेया ने बताया कि उन्होंने एनसीईआरटी की किताब से पढ़ाई की थी। इसके अलावा उन्होंने शर्मा और वर्मा गेस पेपर से भी थोड़ी बहुत मदद ली। हालांकि, श्रेया का कहना था कि सारे प्रश्न किताब से ही पूछे गए थे।

## 10वीं में 68.32 और 12वीं बोर्ड में 90.60 फीसदी छात्र फर्स्ट डिवीजन से हुए पास



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** जैक 10वीं बोर्ड परीक्षा में 68.32 फीसदी छात्रों ने फर्स्ट डिवीजन से पास किया है। वहीं 39.25 फीसदी छात्र सेकेंड और 2.72 फीसदी थर्ड डिवीजन से पास किये हैं। वहीं इंटर साइंस की बोर्ड परीक्षा में 90.60 फीसदी स्टूडेंट्स ने फर्स्ट डिवीजन हासिल किया है। वहीं 7.63 फीसदी छात्र सेकेंड डिवीजन से और 0.02 फीसदी छात्र थर्ड डिवीजन से पास किये हैं।

**टॉपर्स को किया जाएगा सम्मानित**
इस बार से जैक में एक नया बदलाव हुआ है। इस बार हर स्कूल से पहले 10 स्थान पर रहने वाले टॉपर्स को भी सम्मानित किया जाएगा। राज्य में जो टॉपर आएंगे उन्हें स्टेट लेवल पर पुरस्कार दिए जाएंगे और जो स्कूल लेवल पर टॉप करेंगे, उन्हें स्कूल लेवल पर सम्मानित किया जाएगा।

**इस बार फीका रहा समारोह** : इस बार दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के नहीं रहने से समारोह फीका रहा। वह जब भी रिजल्ट जारी करते थे, एक उत्साह का माहौल दिखता था। साल 2020 में जब कोरोना की मार शुरू हुई, उस वक्त भी वह रिजल्ट जारी करने के लिए जैक बोर्ड के सभागार में पहुंच गए थे। उन्होंने मेरीटोरियस छात्रों को इनाम में गाड़ियां तक दी थी।

सिटी की अन्य खबरें पेज 9 पर




# मैट्रिक परीक्षा में ग्रामीण बच्चों का शानदार प्रदर्शन

स्पीड न्यूज

## सर्वोदय स्कूल राहे का रितेश प्रखंड टॉपर

**राहे।** सर्वोदय स्कूल राहे का रीतेश प्रजापति 94.80 प्रतिशत लाकर प्रखंड टॉपर हुआ है। दीपा कुमारी और सुरजीत प्रजापति 94020: लाकर दूसरे स्थान पर तथा सुषमा कुमारी 93.80 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रही है। दस बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है स स्कूल के सफलता पर निदेशक सुनील कुमार महतोए प्रधानाचार्य श्री ज्ञान महतोए चीफ मेंटर लता मोहननए प्रबंधक हराधन महतो ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**खलारी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने इंटरमीडिएट विज्ञान में सत प्रतिशत परिणाम रहा। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज शर्मा ने बताया कि मैक्लुस्कीगंज इंटर कॉलेज से विज्ञान में 54 विद्यार्थी शामिल हुये। जिसमे 40 विद्यार्थी प्रथम स्थान लाये वही 15 विद्यार्थी दूसरा स्थान लाकर कॉलेज का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य आनंद कुमार मिथुन दत्ता मनीष कुमार सहित अन्य ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य का कामना किये।

## सिल्ली हरिमंदिर में अखंड हरिनाम संकीर्तन 26 से

**सिल्ली।** सिल्ली हाट बगान स्थित हरिमंदिर में आगामी 26 मई से 9 दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया है। इसको लेकर 25 मई को गंधादिवस एवं महिलाओं द्वारा भव्य आरती का आयोन किया गया है। हरिनाम संकीर्तन के आयोजन को लेकर मंदिर का रंग रोगन, मंदिर परिसर को विद्युत साज-सज्जा से सजाने का काम अंतिम चरण में है। आयोजन समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने इसकी जानकारी देते हुए सभी आम जनों को हरिनाम संकीर्तन में शामिल होने का आग्रह किया है।

## बाइक से गिरकर युवक घायल

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जाड़ेया मोड़ पर सिल्ली.टिकर सड़क पर असन्तुलित होकर मोटरसाइकिल से गिरने से पुरुलियाएमुकुरुब के लादेन गाराइत गंभीर रुप से घायल हुआ है। घटना 10 बजे के आसपास की है। युवक अपनी पल्सर बाइक जेएच 09एम 0545 से सिल्ली की जाते हुए गिर गया। बाइक से गिरने के बाद काफी देर तक अचेत रहा। आजसू नेत्री रोमला कुमारी के प्रयास से एम्बुलेंस की व्यवस्था कर इलाज के लिये सोनाहातू अस्पताल लाया गया इलाज के बाद खतरे से बाहर है।

## जर्जर बिजली के पोल दुर्घटना को दे रहा दावत

**सिल्ली।** सिल्ली साहेब बांध के समीप रांची पुरुलिया मुख्य पथ पर लगा लोहे का विद्युत पोल जर्जर हाल में हो गया है। जमीन के नीचे का भाग टूट जाने के चलते पोल तार के सहारे लटक गया है जिससे स्थानीय लोग तथा राहगीर दहशत में जी रहे हैं। लोहे के विद्युत पोल नीचे से टूट गया है तथा तेज हवा चलने पर पोल तेजी से हिलने लगता है। विभाग की लापरवाही से कोई बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

## रैयत विस्थापित मोर्चा ने की गेट मीटिंग

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा ने केडीएच परियोजना में गेट मीटिंग किया। गेट मीटिंग के माध्यम से मोर्चा के अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने परियोजना के कामगारों से 29 मई को बंदी को सफल बनाने के लिए सहयोग करने का अपील किया।केंद्रीय सदस्य रंथु उरांव ने कहा कि मोर्चा के द्वारा 29 मई को एनके एरिया बंदी का आहवान किया गया है इसलिए कामगारों से अपील की है कि इस बंदी में रैयत विस्थापितो को सहयोग करे ताकि रैयत विस्थापितो को उनका हक अधिकार मिल सके।। मौके पर जगरनाथ महतो नरेश गंझू राम लखन गंझू प्रकाश महतो प्रभाकर गंझू शिवनारायण लोहरा रामधारी गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## 96.2 प्रतिशत अंक लाकर पियूष रातू प्रखंड टॉपर



खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से मैट्रिक की घोषित परीक्षा फल में छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया। यहां का रिजल्ट करीब 98.6 प्रतिशत रहा। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के 46 भईया-बहनों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इसमें 44 ने प्रथम स्थान हासिल किये। जबकिए 2 द्वितीय श्रेणी से उतीर्ण हुये। पीयूष कुमार ने 96.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रखंड टॉपर होने का गौरव हासिल किया। वहींए रिया कुमारी 9104 अंक लाकर विद्यालय टॉपर हुयी। परिणीता और रिची 90.8 प्रतिशत अंक से दूसरे स्थान पर रहे। पीयूष को बधाई देने वालों का तांता लगा है।

### सनराइज ने दिखाया दमखम

सनराइज पब्लिक इंग्लिश स्कूल का रिजल्ट भी सौ प्रतिशत रहा। 22 ने परीक्षा लिखी। सभी ने प्रथम स्थान पाया। रोहन कुमार 87.20 प्रतिशत अंक से विद्यालय टॉपर और अनम अली 86 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे व आशना कलीम 85 प्रतिशत लाकर तीसरे स्थान पर रहे। सीएन राज हाई स्कूल की रजनी कुमारी 91.4 अंक अर्जित कर विद्यालय टॉपर रही। वहीं समीर खान 89.8 तथा रौनक राज 88.6 प्रतिशत अंक से दूसरे और तीसरे स्थान के लिये जगह बनायी।

## इन स्कूलों का भी बेहतर प्रदर्शन

बेथनी कॉन्वेंट स्कूल मखमंदरो, प्रेम मंजरी प्रोजेक्ट बालिका उवि, आदिवासी बाल विकास विद्यालय, बाल संजीवनी एजुकेशन ब्रिज का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा। एपीजी आवासीय विद्यालय के 10 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये। सभी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शौरभ कुमार 92.2 प्रतिशत अंक से विद्यालय टॉपर होने की ख्याति प्राप्त की। वहीं कुणाल कुमार ने 90.8 प्रतिशत अंक लाये। कृषक उवि गड़री की साक्षी कुमारी 91.80 अंक से विद्यालय टॉपर हुयी। इंडियन पब्लिक स्कूल सिमलिया का रिजल्ट भी सौ प्रतिशत रहा। 22 ने परीक्षा लिखी। सभी प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुये। आदिवासी बाल विकास की निशा कुमारी ने 91 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय टॉपर होने का गौरव हासिल की है।

## किसान का बेटा प्रिंस साहू को राज्य में आठवां स्थान



**ठाकुरगांव।** ठाकुरगांव निवासी किसान कृष्णा साहु के पुत्र प्रिंस कुमार साहु ने मैट्रिक परीक्षा में झारखंड में आंठवा स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। छात्र प्रिंस कुमार साहु भवानी शंकर उच्च विद्यालय ठाकुरगांव का छात्र था। प्रिंस ने 483 अंक प्राप्त किया है। उसे 96 प्रतिशत अंक प्राप्त हुआ है। छात्र प्रिंस अभी तक मोबाइल फोन भी अपने पास नहीं रखता है। मंगलवार को भी आम दिनों की तरह प्रिंस अपने पिताजी के साथ पूरे दिन खेती में सहयोग कर रहा था। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों समेत शिक्षकों को दिया है।

## कस्तूरबा की 55 छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण





सोनाहातू। प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 58 छात्राओं में 55 छात्रायें प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुई है। 3 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुई है। विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत हुआ है। हेसाहातू गांव की मीरा पाण्डेय उसने 87.40 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर बनी है। राणाडीह गांव की चंचला कुमारी 86.40 प्रतिशत अंक लाकर सेकंड टॉपर बनी है। करमटांड़ गांव की संतोषी कुमारी 86.20 प्रतिशत अंक लाकर तृतीय टॉपर बनी है। छात्राओं के प्रदर्शन पर वार्डेन शशि बाड़ा, शिक्षिका सरोजिनी टोप्पो ए सौरभ कुमार सिंह और कृष्ण चंद्र महतो ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दिया है।

## अनगड़ा: पेंटर की बेटी ने नाम किया रोशन



**अनगड़ा।** जीपी मध्य एवं उच्च विद्यालय हेसल, खोपी सरना के छात्र-छात्राओं ने जैक बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय से कुल 94 छात्र-छात्राएं जैक बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनका परीक्षा फल शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की सादिया आफरीन 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान जबकि पूरे प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त की। सादिया आफरीन एक गरीब घर की बेटी है तथा उनके पिता इरफान अंसारी रंग पेंट का काम करते हैं। पुत्री की इस सफलता से वह काफी खुश हैं।

## बुंडू: प्रभात राज्य में पांचवां, आकाश को नौवां स्थान



**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के संत जेवियर उच्च विद्यालय बुंडू के 2 छात्र बुंडू ही नहीं राज्य का नाम रोशन किया है।वे दोनों छात्र बाघाडीह गांव निवासी है।प्रभात गोझू मैट्रिक में 97002 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है।इसके अलावा इसी गांव के निवासी आकाश प्रमाणिक ने 96004 प्रतिशत अंक नवी स्थान राज्य में हासिल किया है।दोनों छात्र संत जेवियर उच्च विद्यालय बुंडू के छात्र हैं। जो छात्र के घर में खुशी का माहौल है।गांव के लोग बधाई देने के लिए पहुंच रहे हैंए उनके घर में मिठाइयां बांटी जा रही है।दोनों छात्रों मां बाप को खुशी का ठिकाना नहीं है।उनके परिवार के लोग बेटा को ऑफिसर बनाना चाहते हैं।दोनों का परिवार साधारण गरीब किसान परिवार है।घर से ही पढ़ाई कर वे दोनों छात्र कड़ी मेहनत से यह मंजिल हासिल किया है। प्रभात के पिता कहते हैं परिवार में जो भी आर्थिक कठिनाइयां झेलना पड़े बेटा को ऑफिसर बनाएंगे।

## न्यू स्वर्णरेखा स्कूल के सभी छात्रों को प्रथम श्रेणी

### रवि कुमार 96.6 अंक लाकर टॉपर









खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के स्कूलों का जैक बोर्ड मैट्रिक परीक्षा परिणाम काफी बेहतर रहा। खास कर न्यू स्वर्णरेखा पब्लिक स्कूल गुड्डु पांचा के सभी छात्रा प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। जिसमें रवि कुमार 96.6 प्रतिषत अंक लाकर टॉपर हुआ है। वहीं आशीष कुमार महतो 96.2 अंक के साथ दूतीय टॉपर हुआ है। इसके अलावे सचिन ठाकुर व अंजलि कुमार दोनों ने 95-95 अंक लाकर तृतीय स्थान प्रप्त किए हैं। स्कूल के प्राचार्य कामेश्वर महतो ने बताया इस वर्ष 65 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी प्रथम श्रेणी में उतीर्ण हुए हैं। इसके अलावे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी की बेटियों का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। इस वर्ष सभी टॉपर बेटियां ही हुई है। शिवानी कुमारी व अंजलि कुमारी दोनो ने 94.8 प्रतिशत अंक के साथ स्कूल टॉपर हुई हैं। वहीं दिव्या कुमारी 93.8 व मुस्कान कुमारी साहू 93.6 अंक के साथ दूतीय व तृतीय टॉपर हुए हैं। इसकी जानकरी देते हुए प्राचार्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि इस वर्ष भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। कूल 78 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थें। जिसमें 72 प्रथम श्रेणी व मात्र 6 विद्यार्थी दूतीय श्रेणी में उतीर्ण हुए है। इसके अलावे अब्दुर्रज्जाक अंसारी मेमोरियल उच्च विद्यालय इरबा की छात्रा साहीस्ता परवीन 93.6, राहुल कुमार महतो 86.8 व गौरव मिश्रा 85 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, दूतीय व तृतीय टॉपर रहे हैं।

## आदर्श उवि मैक्लुस्कीगंज के 98 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण

### मैट्रिक रिजल्ट

**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज स्थित आदर्श उच्च विद्यालय हेसालोंग के 98 प्रतिशत विद्यार्थी उतीर्ण हुए। विद्यालय से वर्ष 2022. 23 में दसवीं बोर्ड की परीक्षा में कुल 126 विद्यार्थी शामिल हुए थेए जिसमे 124 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य आदित्य प्रसाद साहू व सह प्रचार्य लखन प्रसाद साहू ने बताया कि विद्यालय से विद्यार्थियों का यह 38 वां बैच बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुए थेए जिसमे 55 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व 68 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से सफलता हासिल की है। बताया कि 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कृपा कुमारी विद्यालय टॉपर रहीए वहीं राहुल यादवएअभय कुमारए कुमकुम कुमारीएउत्तम कुमार ने 72 प्रतिशतए डाली कुमारी व टिंकू यादव 71 प्रतिशतए अंशु कुमार 69 प्रतिशतए आनंद कृष्ण 68 प्रतिशतए रूपा कुमारी 67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। प्राचार्य संग शिक्षक राधा देवीए आरके शुक्लाएगोपाल प्रसादए जयप्रकाश यादवए आदित्य प्रसाद साहूए मनोज दुबेएमनोहर यादव ने विद्यार्थियों के परिणाम का सत प्रतिशत रिजल्ट रहने पर विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर में

### आंधी-तूफान से आधा दर्जन घर क्षतिग्रस्त



सोनाहातू। दोपहर बाद अचानक आयी तेज आंधी तूफान से प्रखंड के भकुवाडीह गांव में आधा दर्जन घर को क्षतिग्रस्त हुये है। इन लोगों के घरों में पेड़ गिरे हैं। सबसे ज्यादा नुकसान पुंति देवी का हुआ हैए इसके घर में पेड़ गिरने से 20 से अधिक एसबेस्टस नुकसान हुआ है। नरोत्तम महतोए सुभाष महतोए मोहित महतोए नरेंद्र नाथ महतोए लक्ष्मण महतोए रतन महतो आदि के घर में पेड़ गिरने से एसबेस्टस ओर खपड़ैल को नुकसान हुआ है। आंधी तूफान से सोनाहातू.मिलन चौक सड़क पर बड़ा पेड़ गिरने से समाचार लिखे जाने से आवागमन बाधित है। ये सड़क सोनाहातू का लाइफ लाइन माना जाता है। सात पंचायत के लोग इसी सड़क से आना जाना करते है।ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग की है तथा सड़क से पेड़ को हटाने की मांग किया है।

### साईं चावड़ी प्राणप्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हुटार गांव में नवनिर्मित साईं चावड़ी मंदिर को लेकर सोमवार को यजमान सुशील सिंह सपत्नी सुनैना देवी व अजय कुमार सिंह सपत्नी संगीता सिंह की अगुवाई में गाजे.बाजे के साथ नवनिर्मित मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश लिए भगवान का जयघोष करती चल रही थीं। कलश यात्रा हुटार गांव के मार्ग होते हुए भुतहा बांध पंहुची। जहां पुरोहित दिवाकर शास्त्रीए शिवम चौबे व सचिदानंद पांडेय ने वैदिक मन्त्रों के बीच भूमिए कलश और जल पूजन हुआ। जिसके बाद कन्याओ व महिलाओं ने जल भरकर अपने सिर पर कलश लेकर मंदिर पर पहुंचीएजहां कलश स्थापना का कार्य संपन्न हुआ। वहीं दूसरे दिन बेदियों की स्थापनाए अधिवासए न्यासए नगर भ्रमण व श्रव्यधिवास तथा तीसरे दिन प्राण प्रतिष्ठाए हवनए पूणार्हुति व भंडारे का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार रायए अभिजीत सिंहएअरविंद तिवारीए मोहन विश्वकर्माए नीतीश पांडेयए विनय पांडेयए हर्ष पांडेयए श्याम लालए शेखर सिंहए डहरु भगतए ऋषभ सहित सभी ग्राम वासी लगे हुए है।

## सिकिदिरी: कार ने बारातियों को कुचला, तीन की मौत

### ओरमांझी-सिकिदिरी सड़क पर हुआ हादसा, एक दर्जन लोग घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-ओरमांझी मार्ग में सांडी के शादी के बारात में शामिल होने आए लोगों को एक बेकाबू आई टेन कार जेएच 01 इडब्ल्यू 3505 ने कुचल दिया। इस घटना में तीन लोगो की मौत हो गई जबकि एक दर्जन से अधिक घायल हो गया। सिकीदिरी थाना क्षेत्र में घटित इस घटना में मरने वालों में अनगड़ा थाना क्षेत्र के मासु निवासी शंकर महतोए बेड़वारी निवासी महेश महतो व ओरमांझी थाना क्षेत्र के पांचा निवासी बालेश्वर महतो शामिल है। घायलो में लुपुंग निवासी ग्राम प्रधान बासुदेव पाहन, सांडी निवासी आशीष महतो, फुलेन महतो, मुकेश महतो, राजकिशोर महतो, रमेश महतो, देवव्रत महतो, प्रेम मुंडा व लुपुंग निवासी मनिया महतो, कार चालक हिमांशु साहू उर्फ बबलू व मनोज महतो शामिल है। मालूम हो कि सोमवार की देर रात करीब दो बजे लूपुंग निवासी गणेश महतो की शादी सांडी निवासी कार्तिक महतो की पुत्री लीला कुमारी के साथ हो रही थी। सड़क की किनारे लड़की के घर के आगे बाराती डांस कर रहे थे। समधी मिलन का रस्म हो रहा था। इसी दौरान एक बाइक को बचाने के क्रम में बेकाबू हुई कार समधी मिलन के लिए जमा हुए भीड़ को रौंद दिया। तत्काल ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को रिम्स व मेदांता अस्पताल इरबा में इलाज के लिए अस्पताल भेजा। घटनास्थल में ही दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि एक व्यक्ति की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई थी।

### घटना के बाद मच गई चीख पुकार, मची अफरा तफरी







सिकिदिरी में बेकाबू कार ने इन्हें रौंद डाला, जिससे तीनों की मौत हो गई।

घटना के समय रात करीब दो बजे शादी में शामिल होने पहुंचे आसपास के लोग खाना खाकर अपने घर चले गये थे। घटनास्थल के समीप स्कूल बस में सो रहे चालक प्रत्यक्षदर्शी रहमत अंसारी ने बताया की अचानक हुई इतनी बड़ी घटना के बाद वहां चीख पुकार मच गई। आसपास के सभी लोग चीख.पुकार सुनकर मदद के लिए पहुंच गये थे। घायल व मृतक एक दूसरे के उपर गिरे पड़े थे। सभी को ऑटो व अन्य वाहनों से अस्पताल भेजा जा रहा था। शादी का माहौल अचानक गम के महौल में बदल गया।

### कार चालक को लोगों ने जमकर धुना

कार चालक हिमांशु कुमार साहु नशे की हालत मे था। उसके साथ कार में एक अन्य युवक भी था। घटना से गुस्साए लोगों ने हिमांशु को जमकर पीट दिया। पिटाई से वह गंभीर रुप से घायल हो गया है। मेदांता अस्पताल इरबा में उसका ईलाज कराया जा रहा है। वह गोस्नर कॉलेज रांची का 11वीं का छात्र है। उसके पिता सुनील साहु का पांचा में कपड़े का दुकान है।

### 23 अप्रैल को हुई थी बेटे के शादी

मृतक महेश महतो (50 वर्ष) उषा मार्टिन में कार्यरत थे। बड़े पुत्र भिमेश्वर की पिछ्ले माह 23 अप्रैल को शादी हुई थी। छोटे पुत्र तरकेश्वर महतो ने बताया की पिताजी बारात में शामिल होने गये थे। दुर्घटना के बाद रास्ते में ही उनकी मौत हो गई थी। घर में नई दुल्हन के आने पर सभी खुश थे। अचानक घर में दुखों का पहाड़ टूट गया। मृतक के परिजन से जैलेन्द्र कुमार व जिला परिषद सदस्य सरिता देवी मिले और शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दिये।

## ग्रामीण बैंक बहेरा ने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपा



**पिपरवार।** झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बहेरा शाखा द्वारा मंगलवार को बहेरा पंचायत सचिवालय में दो ग्रामीणों के मृत्यु के उपरांत दो दो लाख की राशि जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत परिजनों को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके चेक सौंपा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बहेरा पंचायत मुखिया रेखा कुमारी एवं संचालन झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक बहेरा शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार ने किया स इस संबंध में बैंक के रीजनल मैनेजर एमसी पाल ने कहा कि किचटो पंचायत के तरवा गांव निवासी बाबूलाल महतो एवं बहेरा पंचायत के कारो गांव निवासी पानो देवी का जीवन ज्योति बीमा के तहत दो . दो लाख की राशि का बीमा किया गया था। उनके मृत्यु के उपरांत बाबूलाल महतो की पत्नी सरिता देवी एवं पानो देवी के पुत्र ऋतुराज सिंह को बहरा पंचायत सचिवालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके बीमा से संबंधित राशि का चेक द्वारा भुगतान किया गया।

## गुरुकुल विद्या निकेतन का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**बुंडू।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2023 में नवरात्री टोलीए बुंडू स्थित गुरुकुल विद्या निकेतन का परीक्षाफल प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शत प्रतिशत रहा। परीक्षा में कुल 64 विद्यार्थी शामिल हुएए जिसमें 90 प्रतिशत से अधिक 14 विद्यार्थीए 80 फीसदी से अधिक 36 विद्यार्थीए 62 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और 2 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। शैलेश कुम्हार और अमन पांडेय ने 94 प्रतिशत लाकर विद्यालय स्तर प्रथम स्थान हासिल किया वही श्लोक भगत 94.6 प्रतिशत से द्वितीय स्थानए 94 प्रतिशत के साथ तृतीया पर सुनील महतोए 93.20 प्रतिशत के साथ चर्तुथ पर विकास महतो और 9206: के साथ निखिल माँझी हासिल किया। विद्यालय से 14 विद्यार्थियों ने 90: या उससे अधिक और 36 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## चान्हो के माहेर आश्रम में आशीर भवन का उद्घाटन




खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** बीजूपाड़ा स्थित माहेर आश्रम में मगंलवार को आशीर भवन का उद्घाटन मुख्य अतिथि पिपरवार एरिया के मुख्य प्रबंधक चंद्रभूषण सहाय एवं विशिष्ट अतिथि चान्हो पूर्वी जिप सदस्य आशुतोष तिवारी माहेर आश्रम संस्थापक सिस्टर लूसी कोरियन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। तत्पश्चात कार्यक्रम का विधिवत रूप से दीप प्रज्वलित कर शुरूआत की गई इस मौके पर सभी धर्मो के धर्मगुरु ने अपने धर्म किताब का पाठ किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं मोमेंटो देकर किया गया साथी माहेर के सभी बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मुख्य अतिथि श्री सहाय ने कहा कि माहेर समाज के निचले तबके के बच्चो के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। ये काफी सराहनीय है। वहीं विशिष्ट अतिथि आशुतोष तिवारी ने कहा कि जो बच्चे समाज से अलग थलग रहते है उन्हे यहां लाकर सवारा जाता है। मैं बच्चो के मदद के लिए हमेशा तैयार हुं। तीन हजार बच्चें यहां से निकल कर माहेर का नाम रौशन कर रहें है। ऐसे कार्य करने वाले को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। यह संस्था सात राज्यों में संचालित की जा रही है। साथ ही उन्होंने लूसी कुरियन को 12 वे स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर मिनिता सहाय, प्रशांत, अमोल, मंगेश, फुलमनी देवी, नीरा मिंज, राजेश कुमार, जावेद खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## तमाड़: राधा रानी मंदिर में संकीर्तन शुरू

### कलश यात्रा



खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** पंचपरगना का बहुचर्चित मेला श्री श्री राधा रानी मंदिर संकीर्तन सह मेला का शुभारंभ मंगलवार को सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाल कर किया। पांच दिवसीय हरिनाम संकीर्तन का आनंद लेने पूरे पांचपरगना के लोग पहुंचते हैं। तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह द्वारा मंदिर परिसर में फीता काट कर उद्धाटन किया गया। मंदिर के पूजारी आसनसोल निवासी अरुण गोस्वामीए केदार गोस्वामीए मंदिर पूजारी सुबल चंद्र दास द्वारा पूजा कराया जा रहा है। पांच दिवसीय हरिनाम संकीर्तन के साथ भव्य मेला का आयोजन किया गया है। मेला में तरह तरह के झूलेए मीना बाजार सहित कई दुकानें लगायी गयी है। जिसमें मौत का कुंआ मेले में आकर्षण का केंद्र होगा। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि संकीर्तन सह मेला 28 मई को जागरण के साथ समापन होगा। अनुमान लगाया गया है कि कोरोना काल के बाद इस मेले के आयोजन से लाखों की संख्या में श्रद्धालु और मेला प्रेमी के इन पांच दिनो में पहुंचने की उम्मीद है। इस बीच तमाड़ पुलिस मुस्तैदी के साथ प्रशासन सतर्कता के साथ सीसीटीवी सें निगरानी करने की बात कही है।

## राय में शिवलिंग के साथ नगर भ्रमण

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** राय बस्ती में स्थित पुरातन शिव मंदिर प्रांगण में नवनिर्मित शिवमन्दिर में शिवलिंग की प्राण.प्रतिष्ठा महोत्सव सह श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ का मंगलवार को यज्ञ के पुरोहितों के द्वारा प्रतिस्थापित शिवलिंग को लेकर नगर भ्रमण किया गया ।इस नगर भ्रमण में पुरोहितों के संग संग हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संपूर्ण राय क्षेत्र का परिभ्रमण कर यज्ञ मंडप पहुंचकर शिवलिंग की मंदिर के गर्भ गृह शिवलिंग स्थापित किया गया । मंगलवार प्रातः से ही महायज्ञ हेतु निकलने वाले शोभा यात्रा की तैयारी में यज्ञ समिति के सदस्य जुटे हुए थे। शोभा यात्रा का प्रारंभ शिव मंदिर राय बस्ती से गाजे बाजे के साथ प्रारंभ होकर पुरे राय का नगर भ्रमण करते हुए शिव मंदिर के गर्भ गृह में शिवलिंग की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पुरोहितों द्वारा की गई । शोभायात्रा में मुख्य रूप से समाज सेवी नागेश्वर महतोए एतवारा महतोए जगदीश सोनीए गणेश कुमार महतोए शत्रुघ्न कुमार नायकए दुर्गा प्रसाद महतोए शंकर सिंहए नागेश्वर उर्फ बेगी महतोए पारस कुमार महतोए अशोक महतोए उदय प्रताप सिंह शामिल थे।

